Session : 8
Date : 25-08-2006
Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

an>

Title: Problems being faced by the paddy growers in Maharashtra and other parts of the country.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष जी, धान का समर्थन मूल्य माननीय कृिा मंत्री श्री शरद पवार जी ने 40 रुपये बढ़ाकर 640 रुपये प्रति क्विंटल किया है। वास्तव में धान का मैनेंजमेंट अगर छोड़ भी दिया जाए, तो भी उसका खर्चा 1000 रुपये प्रति क्विंटल आता है। विदर्भ में धान उगाने वाले जो जिले हैं, उनमें लागत न मिलने के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं। उपज के लिए जितनी लागत आती है उतनी भी पैदावार से निकलती नहीं है। रसायनिक खाद के दाम, दवा छिड़कने के दाम, बिजली का खर्चा, पानी का खर्चा, कर्जा, ब्याज और कुछ वर्ों से लगातार फसल की बर्बादी के कारण किसान परेशान हैं। इसलिए समर्थन मूल्य पूरे देश में नहीं तो जोन में करें और उसको धान का समर्थन मूल्य 1000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार को देना चाहिए। उसके साथ रसायनिक खाद, दवा, बिजली, पानी, ट्रेक्टर और अन्य खेती में काम आने वाले संसाधनों पर सब्सिडी बढ़ाना अनिवार्य है और विदर्भ के किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए संपूर्ण कर्जा माफ करने की आवश्यकता है। उसकी उपज का उसे 1000 रुपया प्रति क्विंटल मिलना चाहिए, ऐसी मेरा आग्रह है।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष जी, मैं एक संवेदनशील विाय की ओर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं।

MR. SPEAKER : These are all State matters. You are bringing State matters here. I do not know how do they come here.

… (*Interruptions*)